संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा
द्वितीय तल, व्यावसायिक परिसर, सेक्टर–27, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़
E-mail: sanskriti.rajbhasha@gmail.com, Website: www.cgculture.in
Phone No.: 0771-2995629 , Tele.Fax.:0771-2537404

क्रमांक 6229/सं.रा./24 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 27/05/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार 2024 और 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित

संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा **"उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार 2024 और 2025"** के लिए निम्नलिखित प्रदर्शनकारी कला क्षेत्रों के उत्कृष्ट युवा कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए है - (1) संगीत, (2) नृत्य, (3) रंगमंच, (4) पारम्परिक/लोक/आदिवासी संगीत/नृत्य/रंगमंच तथा पपेटरी/मूक अभिनय/पारम्परिक संश्रित कलाएं जैसे वाद्ययंत्र निर्माण तथा मुखौटा निर्माण।

उक्त क्षेत्रों के ऐसे कलाकारों से जिनकी आयु दिनांक 1 अप्रैल 2025 को 40 वर्ष से अधिक न हो के आवेदन संक्षिप्त बायो-डेटा, जन्म प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, यथोचित फोटोग्राफ, उपलब्धियों के संबंध में अखबारों में प्रकाशित आलेखों की कतरनों की छायाप्रतियां सहित ऑनलाईन (**https://www.sangeetnatak.gov.in/award-honours/nomination**) **के माध्यम से** संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के वेबसाईड (**www.sangeetnatak.gov.in**) पर दिये गये दिशा/निर्देश के अनुसार (नामांकन/स्व-नामांकन) के माध्यम से आमंत्रित किये गये है, जिसकी अंतिम तिथि **14 जुलाई, 2025 तक है** एवं उक्तानुसार निर्धारित प्रपत्र में स्पष्ट पूर्ण रूप से भरे गए प्रस्ताव तथा ऑनलाईन नामांकन की जानकारी सहित आवेदन पत्र **दिनांक 07 जुलाई, 2025 तक** संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. को प्रेषित किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा।

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा

**संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा**

द्वितीय तल, व्यावसायिक परिसर, सेक्टर–27, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

E-mail: sanskriti.rajbhasha@gmail.com, Website: www.cgculture.in

Phone No.: 0771-2995629 , Tele.Fax.:0771-2537404


क्रमांक 6230/सं.रा./24 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 27/05/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2024 और 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित

संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा **''संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2024 और 2025''** के लिए निम्नलिखित प्रदर्शनकारी कला क्षेत्रों के उत्कृष्ट युवा कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए है -(1) संगीत, (2) नृत्य, (3) रंगमंच, (4) पारम्परिक/लोक/आदिवासी संगीत/नृत्य/रंगमंच तथा पपेटरी/मूक अभिनय/पारम्परिक संश्रित कलाएं जैसे वाद्ययंत्र निर्माण तथा मुखौटा निर्माण।

उक्त क्षेत्रों के ऐसे कलाकारों से जिनकी आयु दिनांक 1 अप्रैल 2025 को न्यूनतम 40 वर्ष या अधिक हो के आवेदन संक्षिप्त बायो-डेटा, जन्म प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, यथोचित फोटोग्राफ, उपलब्धियों के संबंध में अखबारों में प्रकाशित आलेखों की कतरनों की छायाप्रतियां सहित ऑनलाईन **(https://www.sangeetnatak.gov.in/award-honours/nomination) के माध्यम से** संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के वेबसाईड **(www.sangeetnatak.gov.in)** पर दिये गये दिशा/निर्देश के अनुसार (नामांकन/स्व-नामांकन) के माध्यम से आमंत्रित किये गये है, जिसकी अंतिम तिथि **14 जुलाई, 2025 तक है** एवं उक्तानुसार निर्धारित प्रपत्र में स्पष्ट पूर्ण रूप से भरे गए प्रस्ताव तथा ऑनलाईन नामांकन की जानकारी सहित आवेदन पत्र **दिनांक 07 जुलाई, 2025 तक** संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. को प्रेषित किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा।

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा